आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.10.2026 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' ने आज 12 वर्ष पूरे कर लिए हैं।
- उपराज्यपाल के निर्देश पर कृषि विभाग ने शहीद द्वीप में उर्वरकों की आपूर्ति शुरू कर दी है।
- समग्र शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों की संयुक्त योग्यता सूची जारी कर दी गई है।
- राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप के लिए अंडमान–निकोबार टीम का चयन ट्रायल झारखंड के खेलगांव में आयोजित होगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' ने आज 12 वर्ष पूरे कर लिए हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम की पहली कड़ी वर्ष 2014 में आज ही की तारीख को विजयादशमी के दिन प्रसारित हुई थी। हाल ही में प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम की एक सौ अड़तीसवीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करते हैं।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने हाल ही में शहीद द्वीप में जन संवाद कार्यक्रम के दौरान किसानों की समस्याओं पर अधिकारियों के साथ चर्चा की थी। इस दौरान सब्जी उत्पादन के लिए किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। कृषि विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आज एक मीट्रिक टन यूरिया और डी ए पी की पहली खेप शहीद द्वीप भेजी है। इसके अलावा, विभागीय भंडार में पहले से सात दशमलव आठ शून्य चार मीट्रिक टन एम ओ पी उपलब्ध है। विभाग के अनुसार, इससे रबी मौसम में किसानों को आवश्यक उर्वरकों की लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उर्वरकों की

उपलब्धता और वितरण की विभाग द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है तथा मांग के अनुसार आगे भी आपूर्ति की जाएगी।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से अंतर्द्वीपीय क्षेत्रों में विशेषज्ञ स्त्री रोग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में विशेषज्ञ स्त्री रोग चिकित्सक की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। जी.बी. पंत अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ ''डॉ. सुकन्या'' 5 अक्टूबर को स्वराज द्वीप और 6 अक्टूबर को शहीद द्वीप का दौरा करेंगी। 5 अक्टूबर को स्वराज द्वीप में गर्भवती महिलाओं, विशेषकर ''उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था'' के मामलों की जांच की जाएगी। शहीद द्वीप की गर्भवती महिलाओं से भी स्वराज द्वीप पहुंचकर जांच कराने की अपील की गई है। 6 अक्टूबर को शहीद द्वीप स्थित ''आयुष्मान आरोग्य मंदिर'' में मरीजों की जांच की जाएगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद के अध्यक्ष पी. उम्मर ने जिला परिषद सदस्यों के साथ उपराज्यपाल से मुलाकात की। इस दौरान दक्षिण अंडमान से जुड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों और जनकल्याण के मुद्दों पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न सविदा पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों की संयुक्त योग्यता सूची जारी कर दी गई है। यह सूची शैक्षिक कौशल परीक्षा, ट्रेड टेस्ट और डेमो क्लास के कार्यक्रम, स्थान, समय तथा अभ्यर्थियों के लिए अवश्यक निर्देशों के साथ राज्य परियोजना कार्यालय और बॉल्क परियोजना कार्यालयों के सूचना पट्टों पर प्रदर्शित की गई है। इसे विभागीय भर्ती पोर्टल पर भी अपलोड किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार साइक्लिंग एसोसिएशन द्वारा 18 अक्टूबर को झारखंड के रांची स्थित खेलगांव में एलीट, जूनियर और सब–जूनियर वर्ग के लिए अंतिम ट्रैक साइक्लिंग चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल आगामी राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप के लिए अंडमान–निकोबार टीम के चयन के लिए होगा। श्री विजयपुरम स्थित वेलोड्रोम की अनुपयुक्त स्थिति के कारण इस बार चयन ट्रायल रांची में कराया जा रहा है। सभी पंजीकृत और चयनित साइकिलिस्टों से निर्धारित नियमों के अनुसार ट्रायल में भाग लेने की अपील की गई है। रिपोर्टिंग समय, पात्रता और अन्य जानकारी एसोसिएशन द्वारा जल्द जारी की जाएगी।

<><><><><><><>

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत डी सी–एस पी बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल कल खेला गया। दक्षिण अंडमान के उपायुक्त कार्यालय, आई आर सी ए और खेल एवं युवा मामलों के विभाग के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के चौसठ खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में दक्षिण अंडमान की उपायुक्त पूर्वा गर्ग, मुख्य अतिथि के रूप में तथा आई आर सी ए के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम. के. महतो, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। महिला और पुरुष ओपन डबल्स, पैंतालीस वर्ष से अधिक तथा 18 वर्ष से कम आयु वर्ग में मुकाबले हुए। विजेताओं और उपविजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन का उद्देश्य खेल भावना, शारीरिक फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के साथ युवाओं एवं समुदाय में ''नशामुक्त समाज के प्रति जागरूकता'' बढ़ाना था।

<><><><><><><>

बहत्तरवें वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर द्वीपसमूह के पर्यावरण एवं वन विभाग की ओर से ''कनेक्टिंग हैबिटैट्स, थ्राइविंग वाइल्ड लाइफ'' थीम पर कल मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन सुबह साढ़े सात बजे सेल्यूलर जेल से शुरू होकर कार्बाइन्स कोव तट पर सम्पन्न हुई। अंडमान निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल डॉ दिनेश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में इस मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वन्य जीव

संरक्षण, पर्यावरणीय स्थिरता और जैव विविधता के प्रति जन जागरूकता तथा जन भागीदारी को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर कार्बाइन्स कोव तट पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इसमें अधिकारियों, विद्यार्थियों, युवाओं, खिलाड़ियों और आम नागरिको सहित लगभग 600 लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के क्षेत्रीय केंद्र और EIACP केंद्र की ओर से कल चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय "आवासों को जोड़ें, वन्यजीवों को समृद्ध बनाएं" रखा गया था। इसमें विभिन्न विद्यालयों के 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया और जैव विविधता तथा वन्यजीव संरक्षण पर चित्र बनाए। आज सेल्यूलर जेल से भारतीय प्राणी सर्वेक्षण तक जागरूकता रैली निकाली गई। अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी.वी. नागेंद्र शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पर्यावरण एवं वन विभाग, AATO, पांडिचेरी विश्वविद्यालय, अंडमान लॉ कॉलेज और भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों सहित 108 प्रतिभागियों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से वन्यजीव और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस ने कल अवैध शराब और बिना अनुमति आई एम एफ एल की बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया। विभिन्न स्थानों पर की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 35 किलोग्राम अवैध नशीले पदार्थ, एक दशमलव छ लीटर अवैध शराब और करीब 20 लीटर आई एम एफ एल जब्त की। ये कार्रवाइयाँ बाराटांग, रंगत, कदमताल, डिगलीपुर और मायाबंदर थाना क्षेत्रों में की गई। पुलिस ने आबकारी विनियमों के तहत मामले दर्ज किए हैं। जिला पुलिस ने लोगों से किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना निकटतम थाने या हेल्पलाइन नम्बरों पर देने की अपील की है।

<><><><><><><>